भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2455
सोमवार, 15 दिसंबर, 2025/24 अग्रहायण, 1947 (शक)

असम में ईएसआईसी सुविधाएं

†2455. मोहम्मद रकीबुल हुसैनः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या असम में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की सुविधाएं बीमित व्यक्तियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपर्याप्त हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) राज्य में किन प्रमुख सेवाओं और अवसंरचना की कमी है;

(ग) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान ईएसआईसी के विस्तार या उन्नयन के लिए स्वीकृत और जारी की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार की असम में ईएसआईसी सेवा कवरेज बढ़ाने के लिए प्रस्तावित योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (घ)**:** असम में कुल 3,42,000 बीमाकृत व्यक्तियों (आईपी) को कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) योजना के तहत कवर किया गया है। यह योजना राज्य के सभी 35 जिलों में अधिसूचित की गई है। वर्तमान में, ईएसआई निगम बेलटोला में 85-बिस्तर का अस्पताल और तिनसुकिया में 20-बिस्तर का अस्पताल संचालित करता है। इसके अतिरिक्त, बीमित व्यक्तियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए राज्य में 33 ईएसआईएस डिस्पेंसरी भी कार्यरत हैं।

राज्य में चिकित्सीय सेवाओं को सशक्त करने के लिए, ईएसआईसी ने बेलटोला स्थित मौजूदा 85-बिस्तर के अस्पताल को 220-बिस्तर वाले मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तथा तिनसुकिया के मौजूदा 20-बिस्तर के अस्पताल को 100- बिस्तर वाले अस्पताल में अपग्रेड करने की स्वीकृति दी है।

2021 से अब तक बेलटोला स्थित 220-बिस्तर वाले ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के विस्तार और अपग्रेडेशन हेतु जारी निधियों का विवरण इस प्रकार है:

क्रम सं.	वर्ष	जारी की गई निधि (करोड़ रुपये में)
1	2021	14.32
2	2024	37.45
3	2025	42.64

उपर्युक्त के अतिरिक्त, ईएसआईसी ने वर्ष 2024 में तिनसुकिया स्थित 20-बिस्तर वाले ईएसआई अस्पताल को 100- बिस्तर वाले अस्पताल में अपग्रेड करने के लिए 13.59 करोड़ रुपये भी जारी किए।

****